# 14 CHAPTER Translation

To translate one language to another needs a person to know the structure patterns of sentences of both the language

एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने के लिए दोनों भाषाओं के वाक्यों की रचना विधि का ज्ञान होना आवश्यक है।

In English we have subject + Verb + object

In Hindi we have subject + object + Verb

## Exercise–1

**Study the use of *am/is/are/was/were*** जैसे–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मैं रेखा का भाई हूँ। | I am Rekha's brother. |
| 2. | सुधीर मेरा मित्र है। | Sudhir is my friend. |
| 3. | तुम चतुर हो। | You are clever. |
| 4. | वे यहाँ हैं। | They are here. |
| 5. | उसके पिता एक सज्जन पुरूष हैं। | His father is a gentleman. |
| 6. | मैं बीमार था। | I was ill. |
| 7. | वह वहाँ नहीं था। | He was not there. |
| 8. | तुम नाराज थे। | You were angry. |
| 9. | वे धनी थे। | They were rich. |
| 10. | टैगोर भारत के सुप्रसिद्ध कवि हैं। | Tagore is a famous poet of India. |

***Translate the following sentences into English:***

1. मैं कक्षा 9 का विद्यार्थी हूँ।
2. रंजना सरला की सहेली है।
3. तुम वीर हो।
4. वे घर पर हैं।
5. महादेवी वर्मा **कवयित्री**[1] हैं।
6. मैं मुम्बई में था।
7. वह अध्यापक नहीं था।
8. तुम अनुपस्थित हो।
9. रंजना और अंजना **सहपाठिनी**[2] थी।
10. पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रधानमंत्री थे।

***Difficult Words :*** 1. कवयित्री–poetess, 2. सहपाठिनी–classmate.

## || Exercise–2 ||

**Study the use of '*It*'**

***Note :***

1. जिन स्थानों पर Subject सुलभ न हो वहाँ 'It' का प्रयोग होता है।
2. समय, मौसम, महीना, दिन आदि व्यक्त करने वाले वाक्यों में 'It' का प्रयोग होता हैं।

**जैसे–**

1. कल बहुत गर्मी थी। *It* was very hot yesterday.
2. अब दो बजे हैं। *It* is two O'clock now.
3. उपन्यास लिखना कठिन है। *It* is difficult to write a novel.
4. क्या आज वर्षा होगी? Will it rain today?
5. दिसम्बर का महीना है। *It* is the month of December.

***Translate the following sentences into English:***

1. पक्षियों को मारना पाप है।
2. आज रविवार नहीं है।
3. कल बहुत ठण्ड थी।
4. बाहर अँधेरा है।
5. क्या जाने का समय हो गया है?
6. संगीत सीखना सरल नहीं है।
7. अब बारह बजे हैं।
8. क्या बाहर वर्षा हो रही है?
9. अब गाड़ी पकड़ना कठिन है।
10. मार्च का महीना है।

## || Exercise–3 ||

अगर हिन्दी वाक्य की क्रिया 'है/हैं/था/ थी/ थे' रहे और उस क्रिया का कर्ता उससे सटा हुआ उसके ठीक पहले आये तो अँग्रेजी में ऐसे वाक्य का अनुवाद 'There' से प्रारम्भ होगा।

**जैसे :–**

1. हमारे स्कूल में 400 लड़के हैं। There are four hundred boys in our school.
2. एक रानी थी। There was a queen.

There के तुरन्त बाद Verb का प्रयोग किया जाता है। ये Verbs 'is/are/was/were' आदि होते हैं।

**जैसे :–**

1. दिये में तेल नहीं है। *There* is no oil in the lamp.
2. भारत में कई नदियाँ हैं। *There* are many rivers in India.

Interrogative sentences में Verbs 'is/am/are/was/were' आदि को There (subject) के पहले लगाते हैं।

**जैसे :–**

1. क्या कमरे में कोई नहीं था ? Was there no one in the room ?
2. क्या बस्ते में कोई पुस्तक है? Is there any book in the bag?

***Translate the following sentences into English:***

1. जल में मछली हैं।
2. आकाश में बादल हैं।
3. गाँव में कुआँ है।
4. कमरे में कोई नहीं है।
5. दिल्ली में कई बाजार हैं।
6. जंगल में जंगली जानवर हैं।
7. क्या उसके घर में बहुत से चूहे हैं?
8. क्या गाड़ी में कोई यात्री नहीं थे?
9. नल में पानी नहीं था।
10 क्या यही अच्छी दुकानें हैं?

## || Exercise–4 ||

**Study the use of 'a/an'**

***Note :*** *a/an* are used in English but not in Hindi.

1. सभी एकवचन Countable, Common Nouns के पहले *a/an* का प्रयोग होता है।

**जैसे** :–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | यह मेज है। | This is *a* table. |
| (ii) | यह अण्डा है। | This is *an* egg. |

2. जिन Countable, Common Nouns का उच्चारण किसी vowel sound (स्वर–ध्वनि) जैसे a, e, i, o, u से आरम्भ हो तो उनके पहले 'an' का प्रयोग होता है।

**जैसे** :–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | यह उल्लू है। | This is *an* owl. |
| (ii) | यह हाथी है। | This is *an* elephant. |

3. बहुवचन संज्ञाओं, Uncountable Noun तथा Mass Nouns के पहले 'a' अथवा 'an' का प्रयोग नहीं होता है।

**जैसे** :–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | ये मेज है। | These are *tables.* |
| (ii) | यह रोशनाई है। | This is ink. |
| (iii) | थैले में गेहूँ है। | There is *wheat* in the bag. |

***Translate the following sentences into English :***

1. यह घड़ी है।
2. वह तस्वीर है।
3. महेश डॉक्टर है।
4. श्रीराम वकील है।
5. टोकियो एक बड़ा शहर है।
6. दीवार पर चींटी है।

7. वह सन्तरा खा रहा है।
8. क्या टोकरी में अण्डा है ?
9. कुत्ता जानवर होता है।
10. यह उत्तर –पुस्तिका है।
11. वे भारतीय हैं।
12. गिलास में दूध है।
13. सन्तरे मीठे हैं।
14. प्लेट में चावल है।
15. प्याले में चाय है।

## || Exercise–5 ||

**Study the use of 'The'**

***Note*—'The'** का प्रयोग नीचे दिये गये उदाहरणों में देखो।

1. The का प्रयोग वस्तु एवं नाम विशेष के पहले होता है। जैसेः–

| | |
|---|---|
| (i) तुम्हारी पुस्तक अध्यापक की मेज पर है। | Your book is on the table of *the* teacher. |
| (ii) सूर्य दिन में चमकता है और चन्द्रमा रात में निकलता है। | *The* sun shines in the day and the moon comes out in the night. |
| (iii) आकाश नीला है। | *The* sky is blue. |

2. 'The' नदी , पहाड़, मैदानों, मरूस्थलों आदि के नामों के पहले प्रयुक्त होता है। **जैसे** :–

| | |
|---|---|
| (i) गंगा एक बड़ी नदी है। | *The* Ganga is a big river. |
| (ii) हिमालय भारत के उत्तर में है। | *The* Himalaya is to the north of India. |
| (iii) हिन्द महासागर भारत के दक्षिण में है। | *The* Indian Ocean is to the south of India. |
| (iv) पम्पास दक्षिणी अमेरिका में है। | The Pampas are in South America. |

3. 'The' Superlative degree के Adjective के पहले लगता है। जैसे :–

| | |
|---|---|
| (i) वह सबसे बड़ा कमरा है। | That is the biggest room. |
| (ii) महेश यहाँ सबसे लम्बा आदमी है। | Mahesh is the tallest man here. |

4. किसी भी Common Noun, जिसका एक बार पहले वर्णन हो चुका है, के पहले The का प्रयोग होता है।

| | |
|---|---|
| (i) यह सेब है। सेब मीठा है। | This is an apple. The apple is sweet. |
| (ii) वे गायें मेरी हैं। गायें भूखी हैं। | Those cows are mine. The cows are hungry. |

**Translate the following sentences into English :**

1. इतिहास की पुस्तक मेरी आलमारी में है।
2. नीली **पतंग**[1] सुन्दर है।
3. पृथ्वी सूर्य के चारों ओर **परिक्रमा करती है**[2]**।**

4. चन्द्रमा सूर्य से छोटा है।
5. कावेरी नदी दक्षिण भारत में है।
6. गोबी एशिया का सबसे बड़ा **मरूस्थल**[3] है।
7. मदन शहर का सबसे रईस आदमी है।
8. ताज भारत की सबसे सुन्दर इमारत है।
9. बिल्ली ने चूहा पकड़ा। चूहा मर गया।

***Difficult Words :*** 1. पंतग– kite , 2. परिक्रमा करती है– revolves, 3. मरूस्थल– desert.

## Exercise–6

***Translate the following passages into English :***

1. यह कक्षा नौ है। मैं इस कक्षा का **नायक**[1] हूँ। मैं इस विद्यालय के प्रधानाचार्य का पुत्र हूँ। इस कक्षा में चालीस छात्र हैं। श्री सोहन लाल हमारे कक्षाध्यापक थे। परन्तु अब श्री शर्मा हमारे कक्षाध्यापक है। हमारी कक्षा के सामने कई गुलाब के **पौधे**[2] हैं। हमारी कक्षा में पंडित जवाहरलाल नेहरू की एक बड़ी **तस्वीर**[3] थी। अब वह प्रधानाचार्य के कमरे में है। हमारी कक्षा में दो मानचित्र हैं। हमारी कक्षा को **उत्तम कक्षा**[4] पुरस्कार दिया गया।

2. लखनऊ में एक **प्रदर्शनी**[5] चल रही है। इस प्रदर्शनी में कई दुकानें हैं। वहाँ एक **बहुत बड़ा झूला**[6] है बहुत सी दुकानें **देखने योग्य**[7] हैं। कल रात वहाँ **आतिशबाजी प्रतियोगिता**[8] हुई। सुधीर और श्याम प्रदर्शनी में थे। मैं प्रदर्शनी में जाने योग्य नहीं हूँ। मैं बीमार हूँ। क्या सरला प्रदर्शनी में थी? नहीं, उसके भाई वहाँ थे। सुधीर ने बाँसुरी खरीदी और श्याम ने **सुगन्धित**[9] कलम खरीदा। प्रदर्शनी में कई प्रसिद्ध मिठाई की दुकानें हैं। चौधरी की बंगाली मिठाइयाँ सबसे अच्छी हैं। इस वर्ष की प्रदर्शनी बहुत बड़ी है।

***Difficult Words*** 1. नायक– monitor, 2. पौधे– plants, 3. तस्वीर – portrait, 4. उत्तम कक्षा– model class, 5. प्रदर्शनी – exhibition, 6. बहुत बड़ा झूला – giant wheel, 7. देखने योग्य – Worth seeing, 8. आतिशबाजी प्रतियोगिता – fireworks competition, 9. सुगन्धित – scented.

## Exercise–7

**Study the use of ' about to'**

***Note***—जब कोई काम 'होने ही वाला हो' तो इस क्रिया को English में ' about to' से प्रकट करते हैं। **जैसे** :–

1. मैं स्कूल तब पहुँचा जब घन्टी बजने ही वाली थी।
   I reached school when the bell was *about to* ring.
2. चिड़ीमार ने जाल तब फेंका जब चिड़िया उड़ने ही वाली थी।
   The fowler threw his net when the birds were about to fly.

***Translate the following sentences into English:***

1. चोर भागने ही वाला था कि पुलिस आ गयी।
2. हम अपने घर पहुँचने वाले थे कि वर्षा होने लगी।
3. हवाई जहाज उतरने ही वाला था कि उसमें आग लग गयी।

4. **फसल**[1] पकने ही वाली थी कि **ओले पड़ने लगे**[2]।
5. जब वे मुझे **डाँटने**[3] ही वाली थीं मैंने क्षमा माँग ली।
6. वर्षा होने ही वाली थी जब मैं घर पहुँचा।
7. उसकी परीक्षा आरम्भ होने ही वाली थी कि वह बीमार पड़ गयी।
8. बच्चा छत से गिरने ही वाला था कि उसकी माँ ने उसे पकड़ लिया।
9. **आँधी**[4] आने ही वाली थी कि हमने घर की खिड़कियाँ और दरवाजे बन्द कर लिये।
10. रेलगाड़ी छूटने ही वाली थी कि जब मैं स्टेशन पहुँचा।

***Difficult Words*** **:** 1. फसल– crops, 2. ओले पड़ने लगे– hail storm came, 3. डाँटना– (to) scold, 4. आँधी– storm.

## || Exercise–8 ||

**Study the use of 'instead of/besides'**

**Note — 1. instead of** का प्रयोग 'बजाय' के स्थान पर किया जाता है।

**जैसे–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | उसने कहानी के **बजाय कविता** पढ़ी। | He read a poem instead of a story. |
| (ii) | तुम चाय के **बजाय** दूध पियो। | Drink milk instead of tea. |

2. 'besides' का प्रयोग 'अतिरिक्त' के लिए किया जाता है। जैसे–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | हमने रोटी के **अतिरिक्त** चावल भी खाया। | We ate rice besides chapaties. |
| (ii) | उसने मकान के **अतिरिक्त** बाग भी बेचा। | He sold his orchard *besides* his house. |

***Translate the following sentences into English:***

1. उसने मुझे लाल कलम के बजाय काला **कलम**[1] दिया।
2. मैंने **कॉफी**[2] के बजाय दूध पिया।
3. वे सोने के बजाय **टहलने**[3] गये।
4. उसने संस्कृत के बजाय इतिहास पढ़ा।
5. मैंने साड़ी के बजाय अन्य कपड़े खरीदे।
6. मैंने कलम के अतिरिक्त ब्रश भी खरीदा।
7. आगरा के अतिरिक्त वह मथुरा भी गयी।
8. उसने **लघु कथा**[4] के अतिरिक्त उपन्यास भी लिखे।
9. उसने लाल किले के अतिरिक्त चाँदनी चौक भी देखा।
10. रीता **नृत्य**[5] के अतिरिक्त **गायन**[6] भी सीखती है।

***Difficult Words :*** 1. कलम – pen, 2. कॉफी – coffee, 3. टहलने – for a walk, 4. लघु कथा – short stories, 5. नृत्य– dancing, 6. गायन– singing.

## || Exercise–9 ||

**Study the use of 'has/have/had'**

जैसे–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | रवि के पास एक बल्ला है। | Ravi *has* a bat. |
| 2. | मोहन की आठ मौसी हैं। | Mohan *has* eight maternal aunts. |
| 3. | कुत्ते की चार टाँगें होती हैं। | The dog *has* four legs. |
| 4. | लखनऊ में सुन्दर पार्क हैं। | Lucknow *has* beautiful parks. |
| 5. | तुम्हारे सिर में दर्द हैं। | You *have* a headache. |
| 6. | उसके पास एक पुराना घर था। | He *had* an old house. |

***Translate the following sentences into English:***

1. तरूण के पास एक सफेद **बिल्ली**[1] है।
2. निर्मल के दो बहनें हैं।
3. उसकी दो **भाभियाँ**[2] हैं।
4. **तितली**[3] के दो **पंख**[4] होते हैं।
5. मेरी माता को **बुखार**[5] **था।**
6. उसके पास एक स्कूटर है।
7. उस बकरी के दो **बच्चे**[6] हैं।
8. भारत में बड़ी–बड़ी नदियाँ हैं।
9. अशोक को **पीठ का दर्द**[7] था।
10. हमारे पास कोई काम नहीं था।

> ***Difficult Words :*** 1. बिल्ली– cat, 2. भाभियाँ – sisters-in law, 3. तितली– butterfly, 4. पंख – wing, 5. बुखार– fever, 6. बकरी के बच्चे– kids, 7. पीठ का दर्द– backache.

## || Exercise–10 ||

**Study the use of 'appear/seem/look/smell/ taste'**

***Note :***— These Verbs are not normally used in the continuous tense.

**जैसे** :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सुनील एक अच्छा लड़का **दिखायी** पड़ता है। | **Sunil** *appears* to be a good boy. |
| 2. | शीला एक चतुर लड़की **प्रतीत** होती है। | **Sheela** *seems* to be a clever girl. |
| 3. | तुम आज **प्रसन्न** लगते हो। | **You** *look* cheerful today. |
| 4. | गुलाब की **सुगन्ध मीठी** होती है। | **The** rose smells sweet. |
| 5. | नींबू का **स्वाद** मीठा नहीं होता है। | The lemon does not taste sweet. |

***Translate the following sentences into English :***

1. यह छात्र गणित में बहुत कमजोर प्रतीत होता है।
2. रामू **बुद्धिमान**[1] विद्यार्थी प्रतीत होता है।
3. यह सेब ताजा दिखायी पड़ता है।
4. अध्यापक महोदय आज नाराज प्रतीत होते हैं।
5. तुम **नटखट**[2] लड़की लगती हो।
6. वह **उदास**[3] दिखायी देता है।

7. तुम बीमार लगते हो।
8. खुशबू से यह अमरूद मीठा लगता है।
9. यह सेब खाने में मीठा है।
10. यह दवा **कड़वी**[4] नहीं लगती है।

> ***Difficult Words :*** 1. बुद्धिमान – intelligent, 2. नटखट – naughty, 3. उदास – sad, 4. कड़वी– bitter.

## || Exercise–11 ||

***Translate the following passages into English:***

**1.** आकाश में काले बादल हैं। वर्षा होने ही वाली है। स्कूल जाने का समय हो गया है। **पैदल**[1] जाने के बजाय मैं रिक्शे में जाऊँगी। मैं **बरसाती**[2] के अतिरिक्त छाता भी ले जाऊँगी। आज का दिन **सुहावना**[3] प्रतीत होता है। किन्तु मैं **स्वस्थ**[4] नहीं हूँ। मुझे जुकाम है। शरीर में पीड़ा के अतिरिक्त कल रात मुझे **ज्वर**[5] भी था। बहुत कम रिक्शे चल रहे हैं। समय पर स्कूल पहुँचना कठिन है। ऐसा लगता है कि **तेज वर्षा**[6] के कारण सभी स्कूल **बन्द रहेंगे**[7]**।**

2. काशी एक्सप्रेस स्टेशन पर पहुँचने ही वाली है। प्लेटफार्म नम्बर तीन के बजाय वह प्लेटफार्म नम्बर एक पर आयेगी। इसके अतिरिक्त यह रेलगाड़ी आधे घन्टे लेट है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह गाड़ी नैनी में **रोकी गयी**[8] थी। अपर इण्डिया एक्सप्रेस इससे पहले स्टेशन पहुँच चुकी थी। वह समय पर आ गयी थी। इसके यात्री अमरूद खरीद रहे हैं। इलाहाबाद के अमरूद सुगन्ध और स्वाद में उत्तम हैं। रेलगाड़ी अब छूटने ही वाली है। ऐसा लगता है कि यह गाड़ी काशी एक्सप्रेस के पहले वाराणसी पहुँचेगी।

> ***Difficult Words :*** 1. पैदल – on foot, 2. बरसाती – rain coat, 3. सुहावना– pleasant, 4. स्वस्थ – well, 5. ज्वर– fever, 6. तेज वर्षा – heavy rains. 7. बन्द रहना– (to) remain closed, 8. रोकी गयी – detained.

## || Exercise–12 ||

**Study the use of *'infinitives'***

**Note 1. :** Verb के first form के पहले to लगता है। जैसे –

| | | |
|---|---|---|
| (i) | मनुष्य से प्रेम करना ईश्वर से प्रेम करना है। | To love man is to love God. |
| (ii) | उसे बैठने के लिए कुर्सी दो। | Give him a chair to sit on. |
| (iii) | क्या तुम नृत्य सीखना चाहती हो? | Do you want to *learn* dancing? |

**Note 2 :-** निम्न वाक्यों का अध्ययन करो :–

(i) No one can dare give him a fight.
(ii) The teacher can make you work hard.
(iii) I didn't see the thief enter the house.

उपरोक्त वाक्यों की क्रियाओं के साथ ' to infinitive का प्रयोग नहीं किया गया है। English कुछ क्रियाओं जैसे dare, need, make, hear, bid, let, help तथा see के साथ 'to infinitive' का प्रयोग न करके bare infinitive अर्थात् बिना to के Infinitive का प्रयोग करते हैं।

***Translate the following sentences into English:***

1. **प्रकृति**[1] से प्रेम करना ईश्वर की प्रशंसा करना है।
2. खाने के लिए भोजन नहीं है।
3. लिखने के लिए कागज नहीं है।
4. सोने के लिए **पलंग**[2] नहीं है।
5. उसे लिखने के लिए कलम दो।
6. उसे पहनने के लिए जूते दो।
7. पक्षियों को मारना पाप है।
8. क्या उसे तैरना आता है?
9. क्या तुम गाना चाहती हो ?
10. क्या तुम इस प्रश्न को **हल करना**[3] चाहते हो ?

***Difficult Words :*** 1. प्रकृति ––nature, 2. पलंग –– cot, 3. हल करना – to solve.

## || Exercise–13 ||

**Study the use of 'Participles'**

***Note :-* Participle** Verb और Adjective के गुण रखता है तथा क्रिया में 'ing' लगाने से बनता है।

**जैसे** :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पुलिस को देखकर चोर भाग गया। | Seeing the policeman the thief ran away. |
| 2. | पढ़ते–पढ़ते मैं सो गया। | While reading I fell asleep. |
| 3. | पलंग पर लेटे हुए मैं पत्रिका पढ़ रहा था। | While lying in bed I was reading the magazine. |

***Translate the following sentences into English:***

1. चिड़िया को देखकर बिल्ली कूदी।
2. आवाज को सुनकर हिरन भाग गये।
3. अध्यापक को आता हुआ देखकर विद्यार्थी खड़े हो गये।
4. मैनेजर से मिलकर श्याम ने भविष्य की योजना बनाई।
5. माँ को देखकर बच्चा रोने लगा।
6. पिता को देखकर मोहन पढ़ने लगा।
7. घण्टी बजने पर स्कूल बन्द हो गया।
8. शोर सुनकर वह दौड़ी।
9. शेर को देखकर वह भाग गया।
10. स्टेशन पहुँचकर हमने टिकट खरीदे।

## || Exercise–14 ||

**Study the use of ' Gerunds'**

[**Note :-** 'Gerund' क्रिया के first form में 'ing' लगाने से बनता है। इसका Noun या Verb की तरह वाक्य में प्रयोग होता है।]

**जैसे** :–

| | |
|---|---|
| 1. मुझे गाने का शौक है। | I am fond of singing. |
| 2. तैरना अच्छा व्यायाम है। | Swimming is a good exercise. |
| 3. क्या लिखना ही लेखक का एक मात्र आनन्द है? | Is writing the only pleasure of a writer ? |

***Translate the following sentences into English :***

1. मुझे **चित्रकारी**[1] का शौक है।
2. आभा को कहानी सुनना पसन्द है।
3. अच्छी पुस्तक पढ़ना लाभदायक है।
4. अधिक बोलना अच्छी आदत नहीं है।
5. **सीटी बजाना**[2] अच्छी बात नहीं है।
6. यहाँ **थूकना**[3] **मना**[4] है।
7. क्या **रस्सी कूदना**[5] अच्छी **कसरत**[6] है ?
8. क्या दीवार पर **इश्तहार लगाना**[7] मना है?
9. क्या दौड़ना और कूदना बच्चों के लिए अच्छा है?
10. **गन्दा**[8] पानी पीना स्वास्थ्य के लिए **हानिकारक**[9] **है।**

***Difficult Words :*** 1. चित्रकारी– drawing, 2. सीटी बजाना– whistling, 3. थूकना– spitting, 4. मना– prohibited, 5. रस्सी कूदना– skipping, 6. कसरत – exercise, 7. इश्तहार लगाना– sticking bills, 8. गन्दा – dirty, 9. हानिकारक– injurious.

## || Exercise–15 ||

**Study the use of 'see/hear/smell/taste/feel/understand'**

**Note :**- अँग्रेजी में कुछ क्रियाओं का 'ing' के साथ प्रायः प्रयोग नहीं करते है।

**जैसे** :–

**'See/hear/smell/taste/feel/understand.'**

| | |
|---|---|
| 1. मुझे कोई फाटक पर नजर आ रहा है। | I see somebody at the gate. |
| 2. मुझे पदचाप सुनायी पड़ रही है। | I *hear* footsteps. |
| 3. मुझे कुछ जलने की गन्ध आ रही है। | I smell something burning. |
| 4. यह आम मीठा नहीं लग रहा है। | This mango does not taste sweet. |
| 5. गर्मी के लिए यह कमीज मोटी लग रही है। | This shirt feels thick for summer. |

इसके अतिरिक्त 'remember/forget /love/hate/like/dislike/look' भी इसी प्रकार प्रयुक्त होते है।

***Translate the following sentences into English:***

1. तुम **प्रसन्न**[1] लग रहे हो।
2. क्या तुम चिड़ियों को गाते सुन रहे हो?
3. क्या तुम कुत्तों को **भौंकते**[2] सुन रहे हो?
4. ये अंगूर **मीठे**[3] लग रहे हैं।

5. इस फल की सुगन्ध अच्छी लग रही है।
6. यह खद्दर मोटा लग रहा है।
7. कागज **पतला**[4] लग रहा है।
8. अध्यापक **नम्र**[5] लग रहा है।
9. मुझे बाग में साँप दिखायी दे रहा है।
10. तुम **समझती हो**[6] वह क्या कह रहा है?

> ***Difficult Words :*** 1. प्रसन्न – glad, 2. भौंकते– bark, 3. मीठा – sweet, 4. पतला – thin, 5. नम्र– modest, polite, 6. समझती हो– understand.

***Translate the following passages into English :***

1. एक **शिकारी**[1] था। वह जंगली जानवरों का शिकार करने का शौकीन था। वह शिकार की पुस्तक पढ़ना पसन्द करता था। वह शिकार के बारे में और अधिक सीखना चाहता था। उसके पास कई बन्दूकें थीं। वह अधिकतर अपनी राइफल का ही प्रयोग करना पसन्द करता था। वह **पक्का निशानेबाज**[2] था। जंगल में शिकार करने के लिए वह कई दिन और रात व्यतीत करता था। उसने कई बड़े जानवर मारे थे। अतः लोग उसे **बड़े शिकार**[3] के लिए याद करते हैं।
2. सीता विद्यालय जा रही है। मुझे वह सड़क पर दिखायी दे रही है। क्या वह स्कूल देर से जा रही है? मुझे घन्टी बजते सुनायी दे रही है। वह भी घन्टी सुन सकती है। वह अब **जल्दी कर रही**[4] है। दौड़ते –दौड़ते वह **फिसल गयी**[5]। मैं उसे रोते सुन रही हूँ। उसकी सारी किताबें **बिखर गयी**[6] है। वह उन्हें उठा रही है। वह अब स्कूल पहुँच गयी है वह कक्षा के बाहर खड़ी है। वह दुःखी लग रही है। स्कूल देर से जाना गन्दी आदत है।

> ***Difficult Words :*** 1. शिकारी – hunter, 2. पक्का निशानेबाज– dead shot, 3. बड़े शिकार – big game, 4. जल्दी कर रही– hurrying, 5. फिसल गयी– slipped, 6. बिखर गयी– scattered.

## || Exercise–16 ||

**Study the use of *'may'***

***Note* 1 :-** किसी कार्य को करने या उसके होने की सम्भावना में may का प्रयोग मुख्य क्रिया के साथ होता है।

**जैसे** :–

अगर तुम कठिन परिश्रम करो तो कक्षा में प्रथम आ सकते हो।

If you work hard you *may* stand first in the class.

***Note* 2:-** आज्ञा प्राप्त करने या आज्ञा देने के लिए भी 'may' का प्रयोग होता है।

**जैसे** :–

(i) क्या मैं अन्दर आ सकता हूँ। — *May* I come in?

(ii) तुम घर जा सकते हो। — You *may* go home.

***Translate the following sentences into English :***

1. यदि वह स्टेशन देर से पहुँची तो सम्भव है उसे ट्रेन न मिले।
2. वह शायद अलीगढ़ जाय।

3. सम्भव है अध्यापक आज न आये।
4. शायद कल रेखा का पत्र आये।
5. वह शायद अपने **पद से इस्तीफा दे दे**[1]।
6. क्या मैं आपका कलम ले सकता हूँ?
7. तुम मेरा **बटुआ**[2] ले सकते हो।
8. क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूँ?
9. अब तुम घर जा सकते हो।
10. आप मेरी जगह बैठ सकते हैं।

***Difficult Words :*** 1. पद से इस्तीफा दे दे– resign his/her post, 2. बटुआ– purse.

## || Exercise–17 ||

**Study the use of 'can'**

**Note:-** हिन्दी में 'सकना'' को हम English में 'can' के रूप में कई प्रकार से प्रयोग कर सकते हैं। जैसे :–

1. **'योग्यता'** अथवा **'क्षमता'** को व्यक्त करने के लिए, जैसे :–

| | |
|---|---|
| (i) मैं पेड़ पर चढ़ सकता हूँ। | I can climb the tree. |
| (ii) मैं उर्दू पढ़ सकता हूँ। | I can read Urdu. |

2. **'आज्ञा'** अथवा **'अनुमति'** देने के लिए, जैसे :–

| | |
|---|---|
| (i) तुम अब जा सकते हो। | You can go now. |
| (ii) वह कल छुट्टी पर जा सकता है। | He can go on leave tomorrow. |

3. 'सम्भावना' व्यक्त करने के लिए, जैसे :–

| | |
|---|---|
| (i) गुप्ताजी अपने कमरे में नहीं हैं। क्या वह दफ्तर में होंगे? | Mr. Gupta is not in his room. Can he be in the office? |
| (ii) यदि वह ऐसा कहता है तो यह सच हो सकता है। | If he says so, it can be true. |

***Translate the following sentences into English***

1. क्या तुम खाना बना सकते हो?
2. मैं जर्मन सीख सकता हूँ।
3. मसूद स्कूटर चला सकता है।
4. तुम कल अपने घर जा सकते हो।
5. तुम्हारा भाई मेरे कमरे में रह सकता है।
6. तुम मेरा शब्द कोश इस्तेमाल कर सकते हो।
7. बड़ी गर्मी है। दूध **खराब हो**[1] सकता है।
8. उसने **चोरी की**[2] है। वह पकड़ा जा सकता है।
9. तुमने काम नहीं किया। तुम्हें सजा मिल सकती है।
10. मैंने **वर्तनी**[3] सीख ली है। मैं परीक्षा में सफल हो सकता हूँ।

***Difficult Words :*** 1. खराब होना– (to) go bad, 2. चोरी की– stole, 3.वर्तनी– spellings.

## Exercise–18

**Study the use of 'should/must/ought to'**

**Note —**

1. जहाँ भी कहीं किसी काम को करने में 'चाहिए' शब्द का प्रयोग हो वहाँ 'should/ought to/must' का प्रयोग मुख्य क्रिया के साथ होता है।
2. परन्तु तीनों का प्रयोग विभिन्न क्षेत्र में किया जाता है।
3. Negative sentences में 'should/must/ought to' के बाद 'not/n't' लगता है। जैसे :–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | तुम्हें साफ कपड़े पहनना चाहिए। | You should wear clean clothes. |
| (ii) | तुम्हें समय से स्कूल पहुँचना चाहिए। | You should reach school in time. |
| (iii) | तुम्हें अपने मित्रों से नहीं लड़ना चाहिए। | You should not quarrel with your friends. |
| (iv) | हमें ट्रेन पकड़ने के लिए दौड़ना चाहिए। | We must run to catch the train. |
| (v) | शारीरिक गठन के लिए हमें व्यायाम करना चाहिए। | We must take exercise to build our body. |
| (vi) | हमें ईश्वर की आराधना करनी चाहिए। | We ought to pray to God. |
| (vii) | हमें अपने माँ–बाप की आज्ञा का पालन करना चाहिए। | We ought to obey our parents. |

***Translate the following sentences into English:***

1. तुम्हें **अपने व्यय का हिसाब रखना**[1] चाहिए।
2. उन्हें वहाँ और थोड़ी देर रूकना चाहिए था।
3. तुम्हें **कूड़ा**[2] सड़क पर नहीं फेंकना चाहिए।
4. तुम्हें समय से घर पहुँचना चाहिए।
5. हमें समय से सोना चाहिए।
6. बच्चों को **कच्चे फल**[3] नहीं खाना चाहिए।
7. हमें गुरूजनों का आदर करना चाहिए।
8. तुम्हें **निर्धनों**[4] की सहायता करनी चाहिए।
9. तुम्हें समय से अपना कार्य करना चाहिए।
10. हमें दूध को उबाल कर पीना चाहिए।

***Difficult Words :*** 1. अपने व्यय का हिसाब रखना– keep an account of your expenditure, 2. कूड़ा– (refuse), garbage, 3. कच्चे फल–raw fruits, green fruits, 4. निर्धनों–the poor.

## Exercise–19

**Study the use of Relative Clauses with 'with/whom/whose/which/that'**

**Note—**

1. हिन्दी में Relative Pronouns में केवल जो/जिस का ही प्रयोग करते हैं। परन्तु अंग्रेजी में 'जो' के स्थान पर हम who/which/that का प्रयोग करते हैं।

2. जिसका, जिसकी के स्थान पर 'whose' और 'जिसको', 'जिससे' के लिए 'whom' का प्रयोग करते हैं।

**जैसे :–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | मैं उस लड़की को जानता हूँ जो वहाँ खड़ी है। | I know the girl who is standing there. |
| (ii) | जिस लड़के की यह पुस्तक है वह अनुपस्थित है। | The boy whose book this is, is absent. |
| (iii) | जिस लड़की को तुमने किताब दी वह उपस्थित है। | The girl to whom you gave this book is present. |
| (iv) | उसने मुझे वह किताब दी जो खो गयी थी। | She gave me the book that was lost. |
| (v) | वह किताब जो वहाँ पड़ी है मेरी है। | The book that is lying there is mine. |

***Translate the following sentences into English:***

1. जो छात्र पढ़ता है वह पास होता है।
2. जिस व्यक्ति को तुमने भेजा था वह अभी तक नहीं आया।
3. जिन बच्चों के माता–पिता उनका **ध्यान नहीं रखते**[1] वे प्रायः बिगड़ **जाते**[2] हैं।
4. मैं उस **छात्रा**[3] को जानता हूँ जिसको **लाटरी मिली**[4]।
5. वह व्यक्ति जिससे मैं सड़क पर मिला मेरे मामा हैं।
6. जिस व्यक्ति को तुमने **उधार दिये**[5] है वह बेईमान है।
7. जिस घर में मैं रहता हूँ उसमें **सफेदी**[6] नहीं हुई है।
8. यह वह मार्ग है जो मैंने तुम्हें बताया है।
9. जिस पुस्तक में अनेक सुन्दर चित्र हैं वह मेज पर पड़ी है।
10. वह कलम कहाँ है जो मैंने तुम्हें दिया था?

> ***Difficult Words :*** 1. ध्यान रखना–(to) look after, (to) take care of, 2. बिगड़ जाना– (to) get spoilt, 3. छात्रा– student, 4. लाटरी मिलना–(to) win the lottery, 5. उधार देना–to lend, उधार लेना–(to) borrow, 6. सफेदी होना–(to) be white-washed.

# || Exercise–20 ||

**Study the use of Clauses with *'when/where/why/how'***

**जैसे :–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | यह वही जगह है जहाँ वह रहती थी। | This is the place where she lived. |
| (ii) | मैं आगरा उस समय पहुँची जब अँधेरा हो रहा था। | I reached Agra at the time when it was getting dark. |
| (iii) | मैं तुम्हें अब बतलाऊँगा कि तुम किस प्रकार अंग्रेजी सीख सकते हो। | I shall now tell you how you can learn English. |
| (iv) | यही कारण है कि वह दुःखी थी। | This is the reason why she was sad. |

***Translate the following sentences into English :***

1. यह वही जगह है जहाँ दुर्घटना हुई थी।
2. क्या तुम उस जगह को जानते हो जहाँ वे कल गये थे?
3. तुम्हारे गुरूजी ने तुम्हें यह बता दिया है कि तुम इस सवाल को कैसे **हल कर सकते**[1] हो।
4. क्या तुम जानती हो वह रात में किस समय घर लौटा?
5. वह जानता है उसे किस दिन अस्पताल जाना है?
6. यही कारण है कि वह कल स्कूल में अनुपस्थित था।
7. क्या तुम इसका कारण जानते हो कि वह यहाँ क्यों आया है?
8. मुझे नहीं मालूम कि मैंने उसे किस कारण डाँटा?
9. क्या रवि को मालूम है किस प्रकार स्कूटर की **मरम्मत**[2] की जाती है?
10. यही तरीका है जिस प्रकार से **नटखट**[3] लड़कों को **सुधारा जा**[4] सकता है?

> ***Difficult Words :*** 1. हल कर सकते हो–can solve, 2. मरम्मत – repair, 3. नटखट–mischievous/naughty, 4. सुधारा जाना– be mended.

# || Exercise–21 ||

***Translate the following passages into English :***

1. मेरी मौसी बैंगलौर से आयी है। मुझे उन्हें इलाहाबाद की प्रमुख जगहें दिखानी चाहिए। मैं उन्हें शायद कल ले आऊँ मैं उन्हें आज ले जा सकता हूँ परन्तु वे आज थकी हैं। मुझे नहीं मालूम कि मैं पहले कौन सी जगह जाऊँगा। वे संगम जाने और वहाँ स्नान करने के लिए **उत्सुक**[1] हैं। वे शायद खरीदारी करने भी जायं। मुझे उनके **साथ जाना**[2] चाहिए। मैं बाजार जानता हूँ जहाँ वे **खरीदारी करना**[3] पसन्द करेगी।

2. कल रविवार है। हम कल शायद पिकनिक पर जायेंगे। हम ओखला या कुतुबमीनार जा सकते हैं। हमें अपने माता –पिता से साथ चलने के लिए कहना चाहिए। वे हमें बता सकते हैं कि हम कहाँ जायं। मुझे कुतुबमीनार देखना पसन्द है। हमें वहाँ नौ बजे तक पहुँचने के लिए प्रातः सात बजे चलना चाहिए। कुतुबमीनार के ऊपर खड़े होने पर पूरी दिल्ली दिखायी पड़ती है। मैं कुतुबमीनार पर आसानी से चढ़ सकता हूँ। हमें **जंगलों**[4] पर ज्यादा नहीं **झुकना**[5] चाहिए **नहीं तो**[6] हम गिर पड़ेंगे। यह एक ऐसा स्थान है जहाँ बड़ा **मजा आता**[7] है।

> ***Difficult Words :*** 1. उत्सुक–keen, eager, 2. साथ जाना–(to) accompany, 3. खरीदारी करना–(to) shop, 4. जंगलों– forests. 5. झुकना– lean against, 6. नहीं तो– otherwise, 7. मजा आना– (to) have a lot of fun.

# || Exercise–22 ||

**Study the use of the Preposition '*from/with/by/for/to*'**

हिन्दी में 'से' (द्वारा) को हम अंग्रेजी में निम्नवत् प्रयोग करते हैं (हिन्दी के 'से'(द्वारा) के लिए अँग्रेजी में from, with, by, for, to. आदि का प्रयोग किया जाता है)। **जैसे** :–

1. मैं कोलकाता से लखनऊ गया। — I went *from* Kolkata to Lucknow.
2. उसने चाकू से सब्जी काटी। — He cut vegetables *with* a knife.
3. वह आज बस से गयी। — She went *by* bus today.

4. मैंने राजू से कुछ कहा। I said something *to* Raju.

***Translate the following sentences into English :-***

1. मैं दिल्ली से **कल**[1] लौटा।
2. पेड़ से आम गिरते हैं।
3. किताब से पन्ने फाड़े गये।
4. मैंने उसकी चाभी से ताला खोला।
5. मैंने गोंद से किताब **चिपकायी**[2]।
6. मैंने रेखा से बात की।
7. उसने दूध से **खीर**[3] बनायी।
8. वह साइकिल से गिर पड़ा।
9. मैं तुमसे कुछ नहीं कहूँगा।
10. प्रशान्त घर से स्टेशन तक रोज **पैदल जाता है**[4]।

> ***Difficult Words :*** 1. कल–yesterday, 2. चिपकाना– (to) paste, 3. खीर– pudding, 4. पैदल जाता है– goes on foot.

## || Exercise–23 ||

**Study the use of *'if, unless, until'***

***Note :*** हिन्दी के 'अगर' 'यदि' के लिए हम अँग्रेजी में 'if' शब्द का प्रयोग करते हैं। **जैसे** :–

यदि तुम आगरा जाओ तो तुम ताजमहल देख सकते हो।

*If* you go to Agra you can see the Taj.

If के साथ Negative sentences में do not/don't/does not/ doesn't का प्रयोग किया जाता है। 'if clause के साथ वाले मुख उपवाक्य में Will का प्रयोग किया जाता है।

**जैसे** :–

(i) यदि तुम परिश्रम नहीं करोगे तो सफल नहीं होगे। If you don't work hard you will not pass.

(ii) यदि तुम आओगे तो मैं तुम्हारे साथ चलूँगा। If you come I will go with you.

हिन्दी के 'जब तक' स्थान पर हम अँग्रेजी में unless/until जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं।

**जैसे** :–

(i) जब तक तुम ईमानदार नहीं होगे तुम जीवन में सफल नहीं हो सकते। *Unless* you are honest, you cannot succeed in life.

(ii) जब तक मैं न आऊँ, यहाँ ठहरो। Wait here *until* I come.

***Translate the following sentences into English:***

1. यदि सफलता चाहते हो तो **काम**[1] से जी न **चुराओ**[2]।
2. यदि तुम रास्ता भूल जाओ तो किसी से पूछ लेना।
3. यदि तुम ठीक समय पर जाओ तो ट्रेन पकड़ सकते हो।
4. यदि तुम समय पर फीस न दोगे तो तुम्हारा नाम **कट जायेगा**[3]।
5. यदि तुम मेला देखने जाओगे तो मैं भी चलूँगा।
6. जब तक तुम क्षमा नहीं माँगते, यहीं खड़े रहो।

7. जब तक तुम स्कूल नहीं जाओगे तुम क्या पढ़ोगे?
8. जब तक मैं पानी नहीं पी लेता मैं बाहर नहीं निकलता।
9. जब तक पुलिस नहीं आती हमें यहीं रुकना चाहिए।
10. जब तक तुम काम नहीं करोगे तुम्हें खाना कौन **खिलायेगा**[4]?

***Difficult Words :*** 1. काम–(to) work, 2. जी चुराना–(to) shirk/avoid work, 3. (नाम) कट जाना– (to) be struck off, 4. खिलाना – (to) feed.

## || Exercise–24 ||

**Study the use of *Reported or Indirect Speech (Interrogative)***

**Note :-** Indirect Speech में प्रश्नवाचक वाक्यों को हम अंग्रेजी में निम्नवत् व्यक्त करेंगे–

**जैसे** :–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | उसने मुझसे पूछा कि क्या मोहन अध्यापक है? | He asked me if Mohan *was* a teacher? |
| (ii) | पाण्डेय जी ने, मुझसे पूछा कि क्या मैं लखनऊ गया था? | Mr. Pandey asked me if I *had been* to Lucknow? |
| (iii) | अध्यापक ने छात्र से पूछा कि वह देर से क्यों आया? | The teacher asked the student why he came late? |

***Translate the following sentences into English :***

1. पिता ने पुत्र से पूछा कि तुम्हारी किताबें कहाँ खो गयी हैं?
2. मैंने उसके भाई से पूछा कि तुम कहाँ जा रहे हो?
3. माली ने लड़के से पूछा कि तुम फूल क्यों **तोड़**[1] रहे हो?
4. अध्यापक ने उससे पूछा कि क्या उसने गृहकार्य कर लिया है?
5. मैंने अपने मित्र से पूछा कि क्या तुम स्कूल जाने के लिए तैयार हो?
6. नौकर ने मालिक से प्रार्थना की कि क्या आप मुझे दो दिन का अवकाश दे सकते हैं?
7. **यात्री**[2] ने सुधा से पूछा कि तुम्हारा घर यहाँ से कितनी दूर है?
8. मैंने लड़के से पूछा कि तुम्हारे पिता क्या करते हैं?
9. अध्यापक ने बालक से पूछा कि तुम्हारी क्या आयु है?
10. यात्री ने स्टेशन मास्टर से पूछा कि बम्बई मेल कब आयेगी?

***Difficult Words :*** 1. तोड़ना– (to) pluck. 2. यात्री – traveller.

## || Exercise–25 ||

**Study the use of Reported Speech 'requests/advice/commands'**

**जैसे** :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अध्यापक ने लड़कों को शोर न करने का आदेश दिया। | The teacher ordered the boys not to make a noise. |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | सोहन ने अपने भाई से अपनी पुस्तक लाने को कहा। | Sohan asked his brother to bring him his book. |
| 3. | मैंने उससे छुटटी के लिए निवेदन किया। | I requested him to grant me leave. |
| 4. | डॉक्टर ने रोगी से आराम करने को कहा। | The doctor advised the patient to take rest. |

***Translate the following sentences into English:-***

1. मोहन ने दुकानदार से चार कापी देने को कहा।
2. अध्यापक ने छात्रों से बैठने को कहा।
3. पिता ने पुत्र से फल लाने को कहा।
4. **निरीक्षक**[1] ने **परीक्षार्थियों**[2] से लिखना बन्द करने को कहा।
5. कैदी ने जज से **मुक्ति**[3] की प्रार्थना की।
6. महिला ने नौकर से अतिथि के लिए भोजन लाने को कहा।
7. अध्यापिका ने छात्राओं से सदा सत्य बोलने को कहा।
8. मैंने अपने चाचा जी से प्रदर्शनी ले चलने का निवेदन किया।
9. उसने मुझे आय के अनुसार व्यय करने की सलाह दी।
10. अध्यापक ने विद्यार्थी से नोट–बुक दिखाने को कहा।

***Difficult Words :*** 1. निरीक्षक– invigilator, 2. परीक्षार्थियों– examinees, 3. मुक्ति – release.

## || Exercise–26 ||

***Translate the following passages into English :***

1. ईश्वर **महान्**[1] है। वह **न्यायी**[2] है। वह दयालु है। उसने हमारे लिए चाँद बनाया है। उसने सूर्य बनाया है। आदमी घर बनाता है। वह पुल बनाता है। वह एक भी फूल नहीं बना सकता। हमें उसकी **पूजा**[3] करनी चाहिए। मैं उसकी प्रार्थना करता हूँ।

***Difficult Words :*** 1. महान् – great, 2. न्यायी–just, 3. पूजा– worship

2. शैलेन्द्र छोटा लड़का है। उसके तीन भाई और पाँच बहनें है। उसके दो चाचा है। वे उसे बहुत चाहते है। शैलेन्द्र **तेज**[1] और बुद्धिमान है। वह रोज समय पर स्कूल जाता है। वह बड़ों का **आदर करता**[2] है। अतः सब लोग उसे चाहते है।

***Difficult Words :*** 1. तेज– bright, 2. आदर करना–(to) respect

3. फूलपुर में एक सरकारी स्कूल है। स्कूल में 15 शिक्षिकाएँ और 500 छात्राएँ है। स्कूल की **इमारत**[1] छोटी है। स्कूल के सामने एक मैदान है। मैदान में **कुआँ**[2] है और कुएँ का पानी अच्छा है। मैदान में कई पेड़ हैं। पेड़ बहुत सुन्दर लगते हैं। लड़कियाँ मैदान में खेलती हैं। कुछ छात्राएँ मैदान में पढ़ती हैं। मैदान में घास हैं। हरी घास बहुत अच्छी लगती हैं। गर्मी में घासें **सूख**[3] जाती हैं। वर्षा में घास हरी हो जाती हैं।

***Difficult Words :*** 1. इमारत–building, 2. कुआँ–well , सूख जाती है–dries up.

4. बसन्त आ गया। मार्च और अप्रैल के महीनों का नाम बसन्त है। यह बड़ी **सुहावनी**[1] **ऋतु**[2] होती है। इस ऋतु में न अधिक गर्मी और न अधिक ठंडक होती है। पेड़ों से पत्ते गिर जाते है नयी **कोपलें**[3] पुनः निकलती है। वन एवं बाग **आकर्षक**[4] लगते है। खेतों में फसल पकने लगती है इसी कारण से बसन्त को **ऋतुराज**[5] कहते हैं। कवि बसन्त की **प्रशंसा**[6] में कई कविताएँ लिखते हैं।

***Difficult Words :*** 1. सुहावनी– pleasant, 2. ऋतु–season, 3. कोपलें–shoots, 4. आकर्षक–charming, 5. ऋतुराज–the king of the season, 6. प्रशंसा–praise.

5. एक **चींटी**[1] नदी की **धारा**[2] में बहती जा रही थी वह किनारे आने की **कोशिश**[3] कर रही थी लेकिन आ नहीं पा रही थी **किनारे**[4] के वृक्ष पर बैठा एक तोता यह देख रहा था उसे चींटी पर **दया**[5] आ गयी उसने वृक्ष से एक पत्ता तोड़कर पानी में डाल दिया। चींटी पत्ते पर बैठ गयी। कुछ समय बाद पत्ता किनारे लग गया। इस तरह चींटी की जान बच गयी।

***Difficult Words :*** 1. चींटी–ant, 2. नदी की धारा–along the current, 3. कोशिश–try, 4. किनारे–bank, 5. दया–pity.

6. रेखा मेरी सहेली है। वह मेरी कक्षा में पढ़ती है। वह एक बुद्धिमान छात्रा है। उसमें अनेक गुण है। वह कक्षा में सदा प्रथम आती है वह समय से प्रातः उठकर अपना काम करती है। वह समय से स्कूल भी आती है। वह अपने गुरू एवं बड़ों की आज्ञा का पालन करती है। वह निर्धनों की सहायता करती है। वह सदा **प्रसन्नचित**[1] रहती है। उससे सभी लोग प्रसन्न रहते है।

***Difficult Words :*** 1. प्रसन्नचित–cheerful

7. गया बिहार का प्रसिद्ध **तीर्थ**[1] है। यह शहर से सात मील की दूरी पर है। यहाँ एक बहुत बड़ा मन्दिर है। इस मन्दिर में गौतम बुद्ध की एक बड़ी **मूर्ति**[2] है एक खुले मैदान के बीच यह मन्दिर **स्थित**[3] है। मन्दिर के पास एक बड़े पीपल के पेड़ के नीचे ही बुद्ध ने **ज्ञान**[4] प्राप्त किया था। इसी कारण बौद्ध **लोग**[5] इसे **पवित्र**[6] मानते है प्रतिवर्ष यहाँ **दूर–दूर**[7] देशों से लोग पूजा करने आते है। यहाँ **तीर्थ यात्रियों**[8] के ठहरने की अच्छी **व्यवस्था**[9] है।

***Difficult Words :*** 1. तीर्थ–place of pilgrimage, 2. मूर्ति–image, idol, 3. स्थित–situated, 4.ज्ञान–enlighten-ment, 5. बौद्ध लोग–the Buddhists, 6. पवित्र–holy, 7. दूर–दूर–distant, 8. तीर्थ यात्री–pilgrim, 9. व्यवस्था–arrangement.

8. लाल बहादुर शास्त्री भारत के महापुरूषों में से एक है। वे भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री थे। वे गांधी जी के **सच्चे शिष्य**[1] थे। वे सही अर्थो में सच्चे **देशभक्त**[2] थे। वे **सादा जीवन उच्च विचार**[3] में विश्वास करते थे। वे **भान्तिप्रिय**[4] थे। वे 2 अक्टूबर, 1904 को मुगलसराय के एक निर्धन परिवार में पैदा हुए थे। उनके पिता **साधारण**[5] अध्यापक थे। जब लाल बहादुर शास्त्री छोटे थे तो उनके पिता का **देहान्त**[6] हो गया था। उन्होंने कठिनाई से जीवन बिताया। उनका देहान्त 11 जनवरी 1966 को हुआ।

***Difficult Words :*** 1. सच्चे शिष्य–true disciple, 2. देशभक्त–patriot, 3. सादा जीवन उच्च विचार–simple living and high thinking, 4. शान्तिप्रिय–lover of peace/peace-loving, 5. साधारण–ordinary, 6. देहान्त हो गया–died.

9. ईश्वर चन्द्र विद्यासागर एक **योग्य**[1] अध्यापक थे। कई विद्यार्थी उनके पास पढ़ने आते थे। एक वृद्ध पुरुष भी उनके पास पढ़ने आया। विद्यासागर ने उन्हें पढ़ाने का **वचन**[2] दिया। किन्तु बूढ़े को व्याकरण **कठिन**[3] लगती थी। विद्यासागर ने विद्यार्थियों की **सुविधा**[4] के लिए व्याकरण की एक पुस्तक लिखी। यह पुस्तक समस्त

भारत में पढ़ाई जाती है। कुछ समय बाद उन्हें संस्कृत कॉलेज का प्रधानाचार्य **नियुक्त**[5] किया गया। उन्होंने कॉलेज की **उन्नति**[6] के लिए अनेक कार्य किये।

***Difficult Words :*** 1. योग्य–able, 2. वचन–promise, 3. कठिन–difficult, 4. सुविधा–benefit, 5. नियुक्त किया जाना– to be appointed, 6. उन्नति– progress.

10. किसी नगर में एक युवक **नौकरी**[1] की **खोज**[2] में थककर पेड़ के नीचे लेट गया। कुछ समय बाद एक स्त्री वहाँ आयी। **सहानुभूति**[3] प्रकट करते हुए उसने पूछा बेटे क्या तुम बीमार हो। लड़के ने कहा नहीं मैं **थक**[4] गया हूँ। यह सुनकर स्त्री जोर से **चिल्लायी**[5], तुम बड़े मूर्ख हो। क्या तुम नहीं जानते हो कि यह मेरा बगीचा है। यहाँ बिना **अनुमति**[6] के कोई **प्रवेश**[7] नहीं कर सकता।

***Difficult Words :*** 1. नौकरी–job, 2. खोज–search, 3. सहानुभूति–sympathy, 4. थक गया–tired, 5. चिल्लायी– shouted , 6. अनुमति– permission , 7. प्रवेश करना–(to) enter.

11. किसी नगर में **रूई**[1] का ढेर चुरा लिया गया किन्तु चोर का पता न चला। अन्त में एक व्यक्ति **मालिक**[2] के पास आया और बोला कि मैं चोर का पता लगा सकता हूँ। यदि आप एक महान **भोज**[3] का **व्यय**[4] **सहन**[5] कर सके। वह व्यक्ति ईमानदार प्रतीत होता है। अतः मालिक **राजी**[6] हो गया।

महान भोज में अनेक **वर्ग**[7] के लोग **आमंत्रित**[8] थे। भोज के बीच उस व्यक्ति ने कहा कि जिन लोगों ने रूई चुरायी है। उनकी **दाढ़ी**[9] में कुछ **धागे**[10] लटके है उन्हें देखों। चोरों ने अपने हाथ **ठुड्डी**[11] पर यह सोचकर लगाये कि धागे लटके है। इस प्रकार चोर पकड़े गये।

***Difficult Words :*** 1. रूई का ढेर–heap of cotton, 2. मालिक–owner, 3. महान भोज–grand feast, 4. व्यय–expense/cost, 5. सहन–bear, 6. राजी–agreed, 7. अनेक वर्ग–many classes, 8. आमंत्रित– invited, 9. दाढी–beard, 10. धागे–thread, 11. ठुड्डी–chin.

12. एक शाम एक **दुबला**[1] और **भूखा**[2] भेड़िया किसी **झोपड़ी**[3] के आगे खड़े होकर एक **कुत्ते के बच्चे**[4] से बाहर आने का **आग्रह**[5] कर रहा था। भेड़िया उसको खाना चाहता था। भेड़िये ने कहा तुम इस छोटे से छेद से क्यों नहीं निकल आते हो। तुम्हारे लिए यह **काफी**[6] बड़ा है। बच्चे ने उत्तर दिया। मुझे मालूम है कि किन्तु मैं **आराम**[7] से हूँ। भेड़िये ने पूछा क्या तुम्हारे पास खाने की **हड्डियाँ**[8] है और पीने को दूध है। बच्चे ने उत्तर दिया नहीं मेरे पास कुछ नहीं है। भेड़िए ने कहा मेरे साथ आओ मैं तुम्हें खूब हड्डियाँ और दूध **दिलाऊँगा**[9]। बच्चे ने उत्तर दिया मुझे उनकी **आवश्यकता**[10] नहीं है तुम स्वयं खाकर मोटे हो जाओ।

***Difficult Words :*** 1. दुर्बल–lean/weak, 2. भूखा–hungry, 3. झोपड़ी–hut, 4. कुत्ते का बच्चा–puppy, 5. आग्रह करना–(to) persuade, 6. काफी–enough, 7. आराम–comfort, 8. हड्डियाँ–bones, 9. दिलाऊँगा– get, 10. आवश्यकता–need.

13. मैं सुबह होते ही घर से टहलने निकला तभी सड़क पर किसी ने छींक दिया। जैसे ही आगे बढ़ा एक काली बिल्ली सड़क पर दौड़ कर मेरा रास्ता काट गई। मैं अन्धविश्वासी नहीं हूँ। ईश्वर में मेरा पूरा विश्वास है। प्रतिदिन की भाँति मैं टहल कर वापस आ गया। मेरा कोई अनिष्ट नहीं हुआ।

***Difficult Words :*** टहलने = to walk, छींक = sneeze, आगे बढ़ा = went ahead, ईश्वर = God, विश्वास = believe, वापस = return.

14. राणा प्रताप मेवाड़ के राजा थे। अपने देश की स्वतन्त्रता के लिए उन्होंने अनेक कष्ट उठाये। अकबर की सेना ने उन्हें हल्दीघाटी के युद्ध में हरा दिया। वे जंगलों में रहने लगे किन्तु उन्होंने हार नहीं स्वीकार किया।

***Difficult Words :*** राजा = king, देश = country, स्वतन्त्रता = freedom, कष्ट = suffer, सेना = army, युद्ध = war, जंगलों में = in forests, हार = defeat.

15. लाल बहादुर शास्त्री भारत के महापुरुषों में से एक थे। वे सही अर्थों में सच्चे देशभक्त थे। वे 'सादा जीवन उच्च विचार' में विश्वास रखते थे। वे शान्तिप्रिय थे। वे 2 अक्टूबर 1904 को मुगलसराय के निर्धन परिवार में पैदा हुए थे। उनके पिता साधारण अध्यापक थे। उनका देहान्त 11 जनवरी 1966 को रूस के ताशकन्द में हुआ था।

***Difficult Words :*** महापुरुषों = great persons, देशभक्त = patriot, सादा जीवन = simple life, उच्च विचार = high thinking, विश्वास = believe, निर्धन = poor, देहान्त = death.

16. भारत एक कृषि प्रधान देश है। लगभग पचहत्तर प्रतिशत भारतीय जनसंख्या का व्यवसाय कृषि है। कृषि की उन्नति ही भारत की उन्नति है। हमारे देश में कृषि का विकास बहुत धीमा है।

***Difficult Words :*** कृषि = agricultural, जनसंख्या = population, व्यवसाय = profession, उन्नति = progress, धीमा = slow.

17. एक ईमानदार व्यक्ति सदैव न्याय और सच्चाई के पथ का अनुसरण करता है। वह कभी किसी को धोखा नहीं देता है। ईमानदारी सच्चे सुख व शान्ति का स्रोत है। उसके लिये, ईमानदारी ही सबसे उत्तम नीति है।

***Difficult Words :*** ईमानदार = honest, न्याय = just, सच्चाई = truth, पथ = way, अनुसरण = follow, धोखा = cheat, शान्ति = peace, स्रोत = source, उत्तम नीति = best policy.

18. मीना कक्षा दस की विद्यार्थी है। वह इलाहाबाद पब्लिक स्कूल में पढ़ती है। वह पन्द्रह वर्ष की है। वह बहुत अच्छी गायिका है। वह प्रायः स्कूल के सभी समारोहों में नृत्य करती है। वह स्वभाव से बड़ी मिलनसार है। वह अपने सहपाठियों से अच्छा व्यवहार करती है। उसने पाँच वर्ष की आयु से नृत्य कला सीखना शुरू कर दिया था। वह एक प्रसिद्ध नर्तकी बनना चाहती है।

***Difficult Words :*** विद्यार्थी = student, गायिका = singer, प्रायः = often, समारोहों = functions, स्वभाव से = by nature, व्यवहार करती है = behaves, सीखना = learn.

19. हिन्दुओं के लिए गंगा एक पवित्र नदी है। यह उत्तर भारतीयों के लिए जीवनदायिनी है। हिन्दू गंगा को 'माँ गंगा' कहते हैं। प्रत्येक हिन्दू पवित्र गंगा के तट पर जाकर प्रसन्न होता है। यहाँ मेले भी लगते हैं। सबसे पवित्र कुम्भ मेला प्रति बारह वर्ष पश्चात् हरिद्वार तथा इलाहाबाद में लगता है, जिसमें भाग लेने के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं।

***Difficult Words :*** पवित्र = holy, तट = bank, प्रसन्न = happy, विदेश = foreign.

20. कलिंग के युद्ध ने सम्राट अशोक का जीवन बदल दिया। उसने कलिंग के युद्ध में असंख्य लोगों को बिना बात मरते हुए देखा था। इसके बाद उसने कभी भी युद्ध न करने की प्रतिज्ञा की। उसने धर्म का मार्ग अपनाया जीवन में अहिंसा तथा प्रेम को महत्त्व दिया।

***Difficult Words :*** युद्ध = war, जीवन = life, बदल दिया = changed, प्रतिज्ञा = promised, धर्म = Religion, अपनाया = adopted, अहिंसा = non-violence.

21. इलाहाबाद एक प्रसिद्ध नगर है। यह एक बड़ा तीर्थ स्थान है। आप जानते हैं कि यहाँ गंगा, यमुना नदियों का संगम है। हर धार्मिक प्रवृत्ति का हिन्दू संगम पर स्नान करना चाहता है।

***Difficult Words :*** प्रसिद्ध = famous, तीर्थ स्थान = pilgrimage, धार्मिक प्रवृत्ति = religious tendency, स्नान = bath.

22. ताजमहल विश्व के सुन्दरतम इमारतों में से एक है। इसे मुगल बादशाह शाहजहाँ द्वारा बनवाया गया था। इसे मुमताज महल की यादगार में बनवाया गया था। यह जिला आगरा, उत्तर प्रदेश में स्थित है।

***Difficult Words :*** इमारतों = buildings, बादशाह = emperor, यादगार में = in memory of, स्थित है = is situated.

23. वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत बहुमूल्य हैं। वे हमें फल-फूल तथा विश्राम के लिए छाया प्रदान करते हैं। वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं जो हमारे जीवन के लिए सर्वाधिक आवश्यक है। वृक्ष वर्षा कराते हैं और भूमिक्षरण भी रोकते हैं।

***Difficult Words :*** बहुमूल्य = valuable, विश्राम = rest, जीवन के लिए = for life, वर्षा = rain.

24. भारत तेजी से उन्नति कर रहा है। यह एक प्रगतिशील देश है। जनसंख्या और बढ़ती कीमतें बड़ी समस्यायें हैं। यदि हम इन्हें नियन्त्रित कर लें, तो हमारा देश महान बन सकता है।

***Difficult Words :*** उन्नति = progress, प्रगतिशील = progressive, जनसंख्या = population, बढ़ती कीमतें = rising prices, समस्यायें = problems, नियंत्रित = controlled, महान = great .

25. सुभाष चन्द्र बोस भारत माता के एक महान सपूत थे। उन्हें नेताजी के नाम से जाना जाता है। उनका जन्म 23 जनवरी, 1897 को कटक में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री जानकी नाथ बोस था। वह भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराना चाहते थे।

***Difficult words*** : महान् – great, जाना जाता है– is known, मुक्त कराना – free

26. इलाहाबाद एक ऐतिहासिक नगर है। यह शिक्षा का केन्द्र है। यहाँ उत्तर प्रदेश का उच्च न्यायालय है। गंगा और यमुना नदियाँ यहाँ मिलती हैं।

***Difficult words :*** ऐतिहासिक – historical, केन्द्र – centre, नदियाँ – Rivers.

27. हम सब भारत के रहने वाले हैं और भारत हमारी मातृभूमि है। हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख और ईसाई सभी भारत माता के प्यारे बच्चे हैं। हमें याद रखना चाहिए कि मातृभूमि की रक्षा में असंख्य लोगों ने अपने को बलिदान किया है।

***Difficult words :*** मातृभूमि – motherland, बलिदान – sacrifice.

28. ईश्वर ने हमारे लिए चाँद बनाया है, उसने सूर्य बनाया है। आदमी घर बनाता है, आदमी ने कम्प्यूटर तथा परमाणु बम बनाया है, परन्तु आदमी एक फूल नहीं बना सकता है। हमें ईश्वर की पूजा करनी चाहिए।

***Difficult words*** : ईश्वर – God, चाँद – moon, सूर्य – sun, फूल – flower, पूजा – worship.

29. मेरे पास एक कुत्ता है। उसका नाम डायमण्ड है। वह बहुत वफादार है। वह बहुत तेज दौड़ता है। जब वह मुझे देखता है तो पूँछ हिलाने लगता है।

***Difficult words*** : वफादार – faithful, तेज – fast, पूँछ – tail.

30. मेरे अंग्रेजी के अध्यापक एक आदर्श अध्यापक हैं। वे बड़े लगन से विद्यार्थियों को पढ़ाते हैं। वे बहुत ही स्वानुशासित, कर्त्तव्य-परायण तथा परिश्रमी हैं। वे तन्मय होकर शिक्षण कार्य करते हैं।

***Difficult words*** : आदर्श अध्यापक – ideal teacher, पढ़ाते हैं – teach, परिश्रमी – labourious.

31. भारत के लोग सरदार पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जानते हैं। वे एक कुशल प्रशासक एवं संगठनकर्त्ता थे। उनके पास सही व्यक्ति को सही पद पर चुनने की अद्वितीय क्षमता थी। सरदार पटेल हमारे देश के गौरव व प्रेरणास्रोत हैं।

***Difficult words*** : लौह पुरुष – iron man, प्रशासक – administrator, क्षमता – capacity.

32. कलिंग युद्ध का भयानक रक्तपात देखकर अशोक का हृदय शोक एवं पश्चाताप से भर गया। उसने शान्ति और अहिंसा का मार्ग अपना लिया और भविष्य में युद्ध न करने की शपथ खायी। वह बौद्ध धर्म का अनुयायी हो गया। उसने बौद्ध धर्म का प्रचार भारत में ही नहीं विदेशों में भी किया।

***Difficult words*** : युद्ध – war, हृदय – heart, शान्ति – peace, शपथ – oath, भविष्य में – in future, विदेशों – foreigns.

33. वर्षा ऋतु आ गयी है। जुलाई और अगस्त का महीना बड़ा सुहावना होता है। यह ऋतु किसानों के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। वर्षा ही कृषि का आधार है।

***Difficult words*** : वर्षा ऋतु – rain season, महीना – month, सुहावना – Pleasant, किसानों – farmers.

34. जब मैं स्टेशन पहुँचा तो रेलगाड़ी छूटने ही वाली थी। मैं दौड़कर प्लेटफार्म पर गया। वहाँ पहुँचा ही था कि गाड़ी चल दी। गाड़ी ने शीघ्र ही गति पकड़ ली और मैं एक मूर्ख की तरह उसे प्लेटफार्म से बाहर जाते हुए देख रहा था।

***Difficult words*** : पहुँचा – reached, गति – speed, मूर्ख – fool, बाहर – out.

35. ईश्वरचन्द्र विद्यासागर एक योग्य अध्यापक थे। कई विद्यार्थी उनके पास पढ़ने आते थे। एक वृद्ध पुरुष भी उनके पास पढ़ने आया। विद्यासागर ने उसे पढ़ाने का वचन दिया।

***Difficult words*** : योग्य अध्यापक – able teacher, विद्यार्थी – student, वृद्ध पुरुष – old man, वचन दिया – promised.

36. बोध गया बिहार का एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। यहाँ एक बड़े मन्दिर के अन्दर गौतम बुद्ध की मूर्ति है। इस मन्दिर के पास एक बड़े पीपल वृक्ष के नीचे गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था। प्रतिवर्ष यहाँ दूर-दूर देशों से बौद्ध धर्म के अनुयायी पूजा करने आते हैं।

***Difficult words*** : प्रसिद्ध – famous, तीर्थस्थल – pilgrimage, मंदिर – temple, वृक्ष – tree, अनुयायी – follower, पूजा – worship, प्रतिवर्ष – every year.

37. वृक्ष हमारे देश की अमूल्य निधि हैं। वृक्ष हमें केवल ईंधन व फल ही नहीं देते बल्कि वे हमें इमारती लकड़ी भी देते हैं। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए। अनावश्यक रूप से पेड़ों को नहीं काटना चाहिए। '

***Difficult words*** : ईंधन – fuel, फल – fruits, इमारती लकड़ी – timber, अनावश्यक – unnecessary.

38. ईमानदार व्यक्ति सच्चाई का मार्ग कभी नहीं छोड़ता है। वह परिश्रमी होता है। वह दूसरों का हिस्सा नहीं लेना चाहता है। वह 'सादा जीवन-उच्च विचार' पसंद करता है।

***Difficult words*** : ईमानदार व्यक्ति – Honest man, सच्चाई का मार्ग – way of truth, सादा जीवन – simple life, उच्च विचार – high thinking.

39. जून का महीना था। गर्मी अपने चरम पर थी। सुबह से लेकर शाम तक गरम हवायें चलती थीं। प्रत्येक व्यक्ति प्रातः जल्दी से जल्दी अपने दिन के काम समाप्त कर लेना चाहता था।

***Difficult words*** : महीना – month, गर्मी – hot, हवायें – winds, समाप्त – complete.

❐❐❐